संख्या- 8/2017/374/33-3-2017-236/2016

प्रेषक,

जोगेन्द्र प्रसाद,

उप सचिव

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0।

2- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0।

3- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 02 मार्च, 2017

विषय:- दिनांक 08 मार्च, 2017 को " स्वच्छ शक्ति-2017 " के अवसर पर मा. प्रधानमंत्री के सम्बोधन के सीधे प्रसारण को देखने के लिए जिला मुख्यालयों पर व्यवस्था किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, भारत सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय एवं सचिव, भारत सरकार, पंचायतीराज मंत्रालय के संयुक्त हस्ताक्षरित अर्द्धशासकीय पत्र संख्या-2/2/डी.(डी.डब्लू.एस.)/2017 दिनांक 21.02.2017 एवं संयुक्त सचिव, (एस.बी.एम.-जी.) भारत सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के पत्र संख्या-एस.18011/2/ 2017-एस.बी.एम. दिनांक 23.02.2017 की छायाप्रति संलग्नकर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 08 मार्च, 2017 को "स्वच्छ शक्ति-2017" के अवसर पर कम से कम 50 महिला एवं पुरूष सरपंचों को मा. प्रधानमंत्री के सम्बोधन के सीधे प्रसारण को देखने के लिए जिला मुख्यालयों पर व्यवस्था किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय,

(जोगेन्द्र प्रसाद)

उप सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in